# कार्यालय, निदेशक,प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

कार्यालय का पता – कार्यालय निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा वेटनेरी कॉलेज के पास, बीकानेर
दूरभाष–151–2226551 ई–मेल–aayukt.ele@gmail.com

## :कार्यालय आदेश:

विभाग द्वारा आयोजित **37वीं राज्य स्तरीय शिक्षक क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2026–27** विभिन्न स्तरों पर निम्नलिखित तिथियों में आयोजित की जावेगी :–

| क्र.सं. | विवरण | आयोजन तिथि |
|---|---|---|
| 1. | समस्त जिलों में तहसील स्तर पर चयन | 24.08.2026 से 25.08.2026 |
| 2. | जिला स्तर पर प्रतियोगिता एवं दल गठन | 08.09.2026 से 09.09.2026 |
| 3. | राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु पूर्व प्रशिक्षण | 26.12.2026 से 27.12.2026 |
| 4. | राज्य स्तरीय प्रतियोगिता | 30.12.2026 से 31.12.2026 |

राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के सफलता पूर्वक आयोजनार्थ विभिन्न व्यवस्थाओं/आवासीय सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं तीन वर्गों में रखी गई है–

| क्रस. | मंडल का नाम एवं वर्ग | आवंटित खेल | आयोजन स्थल |
|---|---|---|---|
| 1. | उदयपुर (पुरूष) | बास्केटबॉल, बैडमिन्टन, टेबल टेनिस, शतरंज, ऐथेलेटिक्स –100मी, 200मी, 400मी, 4X100 रिले दौड़, लम्बी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक (16 पौंड) | सैंट पॉल सी.सै. स्कूल बांसवाड़ा रोड़, प्रतापगढ़ |
| 2. | जयपुर (पुरूष) | कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल,सांस्कृतिक कार्यक्रम सुगम संगीत, सामूहिक गान, एकाभिनय, विचित्र वेशभुषा आदि। | पीएमश्री अशोक शर्मा रा.उ.मा.वि. लालसोट, दौसा |
| 3. | भरतपुर (महिला) | वॉलीबॉल, बैडमिन्टन, टेबल टेनिस, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सुगम संगीत, सामूहिक गान, समूह नृत्य, एकल नृत्य, ऐथेलेटिक्स–100मी, 200मी, 400मी, 4X100 रिले दौड़, लम्बी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक (12 पौंड) | रा.बा.उ.मा.वि. गंगापुर सिटी सवाईमाधोपुर |

**प्रतियोगिता हेतु सामान्य निर्देशः–**

विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में समस्त राजकीय शिक्षण संस्थाओं में कार्यरत शिक्षा सेवा और राजस्थान शिक्षा सेवा व राजस्थान अधीनस्थ सेवा में वर्णित पदों पर कार्यरत शिक्षक सम्मिलित होंगे। 31 दिसम्बर तक एक वर्ष की सेवा अनिवार्य है।

1. निर्देशानुसार वर्ष 1993–94 से पंचायतराज विभाग के अधीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को भी इस प्रतियोगिता में सभी स्तरों पर शामिल होने के लिए आदेश क्रमांक शिविरा/शा.शि/ब/शि/प्रति/33740/93–94/24 दिनांक 25.08.1996 द्वारा पात्र माना गया है। अतः पंचायत समितियों के विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक भी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे।
2. पुरुष/महिला वर्ग के तहसील एवं जिला स्तरीय चयन व दल गठन का दायित्व संबंधित जिले के जिला शिक्षा अधिकारी (मु.) प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान होगा।
3. महिला वर्ग के लिए नियमानुसार तहसील स्तर पर चयन न होकर जिला स्तर पर ही चयन एवं दलों का गठन किया जाकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में टीमें भेजने का दायित्व भी संबंधित जिले के जिला शिक्षा अधिकारी (मु.) प्रारंभिक शिक्षा का ही होगा।
4. इस प्रतियोगिता में एन.आई.एस. प्रशिक्षण (खेल विशेष) में एक वर्षीय पाठ्यक्रम उत्तीर्ण शिक्षक उस खेल विशेष में भाग नही ले सकेंगे/सकेगी। जिला शिक्षा अधिकारी (मु.) प्रारंभिक/माध्यमिक शिक्षा के अधीनस्थ सेवारत शिक्षक गत वर्षों की भाँति उक्त प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे।

RajKaj Ref No.:
23968577

Digitally signed by
LALIT KUMAR
Designation: Director
Date: 2026-08-11
18:26:15 IST

5. राज्य स्तरीय शिक्षक प्रतियोगिता के सफलता पूर्वक संचालन का दायित्व पुरूष वर्ग का संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा उदयपुर व जयपुर तथा महिला वर्ग का दायित्व संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा भरतपुर को सौंपा गया है। शिक्षक प्रतियोगिता के लिए निर्मित नियमावली एवं मार्गदर्शिका के अनुसार सम्पूर्ण व्यवस्थाएं करते हुए सूचना समस्त संभागी दलों एवं अधिकारियों को भेजेंगे ।
6. प्रतियोगिता के संचालन का दायित्व संबंधित आयोजक संस्था प्रधानों का है अतः खेल मैदानों ,उपकरणों, कार्मिकों व निर्णायकों के आवास आदि की समुचित व्यवस्था करेंगे तथा संभागी दलों, जिला शिक्षा अधिकारियों (मु.) एवं संबंधित कार्यालयाध्यक्षों को सूचित करेंगें खिलाडियों के चयनार्थ आयोजित की जाने वाली प्रथम स्तर की प्रतियोगिता के लिए यात्रा व्यय नहीं दिया जायेगा। इस संबंध में तत्काल आवश्यक कार्यवाही करते हुए इस कार्यालय की मेल आई.डी. **khelkood.ele@gmail.com** पर सूचित करेंगे।

**(ललित कुमार )**
आई.ए.एस
निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा विभाग,
राजस्थान बीकानेर

**क्रमांक** शिविरा/प्रारं/खेकू/स्वाशि/8013/शिक्षक प्रति./2026–27 **दिनांकः** यथा हस्ताक्षर

**प्रतिलिपिः–निम्नांकित का सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–**

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, निदेशक, माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर ।
3. सचिव, खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग, राजस्थान जयपुर ।
4. निदेशक आर.एस.सी.ई.आर.टी उदयपुर ।
5. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय, शासन सचिवालय, जयपुर को 11 प्रतियों में भेजकर निवेदन है कि राज्य स्तरीय शिक्षक क्रीडा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता कार्यक्रम के उपयुक्त प्रचार प्रसार हेतु समाचार पत्रों में निशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करावे।
6. समस्त संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा विभाग।
7. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मु.), प्रारंभिक शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा ।
8. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
9. प्रधानाचार्य, शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय जोधपुर ।
10. प्रधानाचार्य, रा. उच्च अध्ययन शिक्षण संस्थान बीकानेर एवं अजमेर ।
11. प्रधानाचार्य सादुल स्पोर्टस स्कूल बीकानेर ।
12. समस्त केन्द्राधीक्षक एवं संस्था प्रधान सत्र पर्यन्त प्रशिक्षण केन्द्र ।
13. वरिष्ठ सम्पादक, शिविरा पत्रिका, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर को शिविरा के आगामी अंक मे प्रकाशनार्थ ।
14. समस्त संयोजक सचिव/संस्था प्रधान, आयोजक राज्य स्तरीय शिक्षक क्रीडा प्रतियोगिता ।
15. समस्त उप जिला शिक्षा अधिकारी (शाशि) सम्बन्धित कार्यालय संयुक्त निदेशक/जिला शिक्षा अधिकारी (मु) प्रारंभिक/ माध्यमिक शिक्षा।
16. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर, कार्यालय हाजा (विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु) ।
17. रक्षित पत्रावली।

RajKaj Ref No.:
23968577

Digitally signed by
LALIT KUMAR
Designation: Director
Date: 2026-08-11
18:26:15 IST